प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कुलपति ने किया जयश्री को सम्मानित

21वीं अखिल भारतीय अन्तरकृषि विश्वविद्यालय में गेम्स एंड स्पोर्ट्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय की महिला एथलीट जयश्री राय को सम्मानित किया गया। जयश्री ने 200 मीटर में रजत तथा 100 मीटर में कांस्य पदक जीत कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार किसी महिला एथलीट ने अखिल भारतीय अंतरकृषि विश्वविद्यालय गेम्स एंड स्पोर्ट्स मीट में 100 मी तथा 200 मी दौड में दो पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने उन्हें सम्मानित कर जयश्री की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह; प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी; सह निदेशक डा. भाष्कर तिवारी, एचएस पपोला, डा. जीएस बोहरा तथा बीकेश कुमार मौजूद रहे।

जयश्री राय को सम्मानित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान व अन्य।